Phone/Fax : 05535-2208719
E-Mail : dfsrbl@yahoo.co.in



# कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग– रायबरेली

पत्रांक / 14-10-4 रायबरेली, दिनांक 8-10-2013

सेवा में,

समस्त प्रभागीय वनाधिकारी / प्रभागीय निदेशक,
उत्तर प्रदेश।

विषय : भारत संचार निगम लि0 द्वारा जनपद रायबरेली में बिछाये जा रहे भूमिगत आप्टिकल केबिल बिछाये जाने हेतु भूमि हस्तान्तरण / वृक्षारोपण अवशेष धनराशि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ : इस कार्यालय की पत्र संख्या-953/22-1 दिनांक 04-9-2013, पत्रांक 4095/14-4-4 दिनांक 12-3-2013 एवं पत्रांक 760/14-4-4 दिनांक 12-0-2013।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्रों के क्रम में अवगत कराना है कि प्रमुख वन संरक्षक, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक सं 240/11-17 दिनांक 26-7-2013 द्वारा भारत संचार निगम लि0 को निर्देशित किया गया था कि रायबरेली वन प्रभाग की अवशेष धनराशि रू0 37.462 लाख तत्काल जमा करें। इसी क्रम में भारत संचार निगम लि0 द्वारा जनपद रायबरेली की अवशेष धनराशि रू0 37.462 लाख अपने पत्रांक डी.ई.टी.पी. 1/एल.डब्लू. आर बी.एल/ओ.एफ.सी/जी.ओ/2013-14 दिनांक 7-10-2013 द्वारा चेक संख्या 480910 दिनांक 30-9-2013 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। अब भारत संचार निगम लि0 द्वारा रायबरेली वन प्रभाग में कोई धनराशि जमा करने हेतु अवशेष नहीं है।

अतः आप अपने कार्यक्षेत्र में भारत संचार निगम लि0 को कार्य करने की अनुमति प्रदान कर सकते हैं।

भवदीय

(ओ0पी0 सिंह)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
रायबरेली

पत्रांक 2090 / उक्तदिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख वन संरक्षक, उ0प्र0 लखनऊ।
2. मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ।
3. मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, उ0प्र0 लखनऊ।
4. समस्त मुख्य वन संरक्षक / वन संरक्षक उ0प्र0 लखनऊ।
5. मण्डल अभियन्ता, टैलीकॉम प्रोजेक्ट 1, क्वार्टर नं0 56,7 बी.एस.एन.एल. कालोनी सेक्टर-2 विकास नगर, लखनऊ।

(ओ0पी0 सिंह)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
रायबरेली